(2)
3028
11/8/09

सत्यमेव जयते

प्रतिवेदन शाखा
प्र०स०प्रे०सं० 1023 तिथि 08/08/09

पुस्तकालय

असंशोधित

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

28 JUL 2009

---

28 AUG 2009

( भाग I—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर )

//

( व्यवधान जारी )

तारांकित प्रश्न संख्या : १६३०

श्री हरिनारायण सिंह,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, वस्तुस्थिति यह है कि कस्तुरबा गांधी विद्यालय भवन का निर्माण विद्यालय के भवन निर्माण शिक्षा समिति द्वारा करायी जाती है । इस के लिए सभी विद्यालय शिक्षा समिति को वित्तीय वर्ष २००८-०९ में राशि निर्गत की गयी है ।

अस्थावां प्रखंड के ग्राम वेनार के मध्य विद्यालय में कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय का निर्माण कराया जाना है जिस के लिए विद्यालय के प्रांगण में लगाये गये पेड़ के कटाई हेतु अंचलाधिकारी को पत्र लिखा गया है । आदेशोपरांत भवन का निर्माण कार्य कर दी जायेगी ।

बिन्द प्रखंड के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बिन्द के भूमि में भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया था, परन्तु प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के कमिटी के द्वारा विरोध किये जाने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है । परन्तु अब प्रखंड संसाधन केन्द्र के बगल बिन्द में भवन निर्माण कार्य प्रारंभ की जा रही है ।

सरमेरा प्रखंड के गोपलवाद में भवन निर्माण हेतु गढ़े की भराई का कार्य किया जा रहा है । वित्तीय वर्ष २००९-१० में उपर्युक्त सभी कार्य पूर्ण करा ली जायेगी ।

श्री जितेन्द्र कुमार : अध्यक्ष महोदय, कब तक पूरा हो जायेगा ?

श्री हरि नारायण सिंह,मंत्री : शीघ्रातिशीघ्र ।

....

( व्यवधान जारी )

अध्यक्ष : तारांकित प्रश्न सख्या १६३१,श्री हृदय नारायण सिंह । माननीय मंत्री,कला,संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग ।

तारांकित प्रश्न संख्या : १६३१

श्रीमती रेणु कुमारी,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न संख्या १६३१ कला,संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग में दिनांक २२.०७.२००९ को प्राप्त हुआ । विभागीय पत्र संख्या ६९९ दिनांक २२.०७.२००९ द्वारा जिला पदाधिकारी,बक्सर एवं विभागीय पदाधिकारी द्वारा फैक्स द्वारा उत्तर सामग्री मांगा गया । पुनः विभागीय पत्रांक ७०९दिनांक २४.०७.२००९ द्वारा उत्तर सामग्री उपलब्ध कराने हेतु स्मारित किया गया। जिला पदाधिकारी,बक्सर से प्रतिवेदन प्राप्त होते ही सदन को जवाब भेज दिया जायेगा ।

( व्यवधान जारी )

श्री हृदय नारायण सिंह : अध्यक्ष महोदय, समय-सीमा निर्धारित कर दिया जाये । इस वित्तीय वर्ष में माननीय मंत्री महोदय ।

( व्यवधान जारी )

/2—

श्रीमती रेणु कुमारी,मंत्री : जिलाधिकारी से जब प्रतिवेदन प्राप्त होगा, उसके बाद हो जायेगा ।

...

अध्यक्ष : तारांकित प्रश्न संख्या : १६३२,माननीय सदस्य, डा०इजहार अहमद ।

(मा० स० द्वारा प्रश्न नहीं पूछा गया ।)

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : तारांकित प्रश्न संख्या : १६३३, माननीय सदस्य श्री अख्तरूल ईमान ।

(मा० स० द्वारा प्रश्न नहीं पूछा गया ।)

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : तारांकित प्रश्न संख्याः १६३४,माननीय सदस्य श्री रामानुज प्रसाद ।

(मा० स० द्वारा प्रश्न नहीं पूछा गया ।)

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : तारांकित प्रश्न संख्या : १६३५, मा०स० डा०अशोक कुमार ।

(मा० स० द्वारा प्रश्न नहीं पूछा गया ।)

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : ताराकित प्रश्न संख्या : १६३६, माननीय सदस्य श्री कपिलदेव कामत । माननीय मंत्री ।

श्री दामादर रावत,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, खंड १ : उत्तर स्वीकारात्मक है ।

खंड २: उत्तर स्वीकारात्मक है ।

बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक २६०/गो० दिनांक २५.०७.२००८ द्वारा संशोधित अनुशंसा कर पुनः प्राप्त होने के क्रम में अनुशंसा की परिधि से बाहर किये जाने के कारण विभागीय अधिसूचना संख्या २३८ दिनांक ०५.०२.२००९ द्वारा कुल १४ बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों की अस्थायी नियुक्ति को रद्द किया गया तथा एक अभ्यर्थी श्रीमती पुनम कुमारी की नियुक्ति विभाग द्वारा नहीं किये जाने के फलस्वरूप उनकी नियुक्ति रद्द नहीं की गई है ।

क्रमशः :